प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 22.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

- केन्द्र सरकार की ओर से राज्यों को व्यावसायिक एलपीजी के लिए 20 प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन कल से किया जायेगां
- विश्व जल दिवस आज–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से जल की हर बूंद सहेजने का आह्वान कियां
- "राजस्थान एयरोस्पेस और डिफेंस पॉलिसी–2026" लागू–प्रदेश में ही रक्षा उपकरणों का उत्पादन होगां
- प्रदेश में कमजोर पश्चिम विक्षोभ के असर से तापमान में गिरावट–आज कई स्थानों पर बारिश की संभावनां

....

केन्द्र सरकार ने राज्यों को व्यावसायिक एलपीजी के लिए 20 प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन को मंजूरी दे दी हैं यह आवंटन कल से लागू होगां इससे कुल आवंटन 50 प्रतिशत हो जाएगां इसमें पीएनजी के विस्तार के लिए सुधारों के आधार पर 10 प्रतिशत आवंटन भी शामिल हैं इनमें रेस्तरां, ढाबे, होटल, औद्योगिक कैंटीन, डेयरी, रियायती कैंटीन और राज्य या स्थानीय निकायों द्वारा संचालित अन्य क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगीं पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव, नीरज मित्तल ने कहा है कि सभी व्यावसायिक और औद्योगिक एलपीजी उपभोक्ताओं को तेल विपणन कंपनियों के साथ पंजीकरण कराना होगां सरकार ने आश्वासन दिया है कि देश में पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है और लोग घबराहट में खरीदारी न करें

....

आज विश्व जल दिवस हैं इसका उद्देश्य विश्व के सभी देशों में स्वच्छ और सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना हैं साथ ही जल संरक्षण के महत्व पर भी ध्यान देना हैं इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जल हमें जीवन और भविष्य को आकार देता हैं उन्होंने इस दिवस पर हर बूंद पानी के संरक्षण और उसकी जिम्मेदारी को उपयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने की अपील कीं उन्होंने बच्चों से वॉटर वॉरियर बनकर जल संरक्षण के लिए आगे आने को कहां

....

वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे पानी को फिजूल खर्च नहीं करने और आने वाली पीढियों के लिये जल की हर बूंद को सहेजने का आह्वान कियां

इधर प्रदेश में जल संरक्षण को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं पाली में निजी संस्था की ओर से कई गतिविधियां आयोजित की जायेंगीं यहां जल संरक्षण की अधुनिक तकनीकों और दैनिक जीवन में इसके उपयोग को लेकर विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया जायेगां बाडमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि यहां जल महोत्सव आयोजित किया जा रहा हैं महोत्सव में जल जीवन मिशन पर वार्ता और जल पूजन जैसी कई गतिविधियां रखी गयी हैं

....

जल शक्ति मंत्रालय कल नई दिल्ली में विश्व जल दिवस सम्मेलन का आयोजन करेगां इस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटील और उद्योग जगत के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल होंगें मंत्रालय ने बताया कि ''**जल के लिए उद्योग**'' विषय पर आधारित यह सम्मेलन सतत जल प्रबंधन के लिए संवाद, नवाचार और सहयोग के लिए राष्ट्रीय मंच के रूप में कार्य करेगां इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के सात सौ से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगें

....

प्रदेश के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने अपने उदयपुर प्रवास के दौरान कल रविन्द्रनाथ टैगोर आयुर्विज्ञान महाविद्यालय का दौरा कियां उन्होंने सुपर स्पेश्यलिटी हॉस्पिटल और ट्रोमा एण्ड सर्जिकल इमरजेंसी यूनिट का निरीक्षण करते हुए प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए चिकित्सकों को रिसर्च पर

फोकस करने की सलाह दीं मुख्य सचिव ने मेडिकल कॉलेज के सभी विभागाध्यक्षों तथा सीनियर प्रोफेसर्स की बैठक लीं फैकल्टी के साथ संवाद करते हुए चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दियां

....

राज्य सरकार ने औद्योगिक और सामरिक क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाते हुए "राजस्थान एयरोस्पेस और डिफेंस पॉलिसी–2026" को लागू किया हैं इस नीति के **तहत प्रदेश** में विमान, हेलीकॉप्टर, ड्रोन, मिसाइल, एवियोनिक्स, सैटेलाइट बस, बख्तरबंद वाहन, रडार और संचार तथा नियंत्रण प्रणालियों जैसे अत्याधुनिक उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा दिया जाएगां इसके साथ ही रोबोटिक्स और डिफेंस इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे उभरते क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है, जिससे राज्य आधुनिक तकनीकी उत्पादन के केंद्र के रूप में उभर सकें इस नीति का उद्देश्य राज्य को एयरोस्पेस और रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में एक मजबूत केंद्र के रूप में विकसित करना हैं

....

प्रदेश में आज भी कई स्थानों पर ईसर गणगौर की पूजा अर्चना की जा रही हैं राजधानी जयपुर सहित कई जिलों में बूढी गणगौर की सवारी निकाली जायेगीं

....

प्रदेश में एक और कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तापमान में लगातार कमी देखी जा रही हैं कल कई स्थानों पर बूंदाबांदी और हल्की बारिश देखी गईं करौली और सवाईमाधोपुर में बूंदाबांदी होने से हल्की सर्दी महसूस की गयीं करौली में भी हल्की बूंदाबांदी होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गयीं चूरू और झुंझुनूं में दिन में लगातार बूंदाबांदी के बाद रात में भी हल्की बारिश दर्ज की गयी, जिससे मौसम में ठंडक बढ गयीं जैसलमेर में कई स्थानों पर तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुईं इससे जहां एक ओर आमजन और सैलानियों को राहत मिली है वहीं किसानों के चहरे मुरझा गये हैं और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

....

मौसम विभाग ने आज जोधपुर, बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना जतायी हैं वहीं शेष अधिकांश भागों में आगामी 4–5 दिन मौसम शुष्क रहने के आसार हैं

....